# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई-अगस्त, 2006 सत्र

### बुधवार, दिनांक 26 जुलाई, 2006

### तारांकित प्रश्नोत्तर

विभिन्न विभागों को आवंटित बजट की जानकारी

1. ( *क्र. 207) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-2006 में लोक निर्माण, जल संसाधन, पंचायत ग्रामीण विकास एवं वन में कितना-कितना बजट आवंटन का प्रावधान था प्लान एवं नान-प्लान की अलग-अलग जानकारी देवें ? (ख) वर्ष 2005-2006 वास्तविक व्यय कितना-कितना था ? प्रत्येक विभाग की जानकारी अलग-अलग देवें ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : (क) वर्ष 2005-2006 में लोक निर्माण, जल संसाधन, पंचायत ग्रामीण विकास एवं वन में प्लान एवं नान-प्लान में निम्नानुसार बजट आवंटन प्रावधान था :—

(आंकड़े लाख रुपयों में)

| स. क्र. (1) | विभाग का नाम (2) | प्लान (3) | नान-प्लान (4) | योग (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लोक निर्माण | 77583.69 | 22106.60 | 99690.29 |
| 2. | जल संसाधन | 75842.50 | 6612.20 | 82454.70 |
| 3. | पंचायत एवं ग्रामीण विकास | 42308.18 | 29165.09 | 71473.27 |
| 4. | वन | 9464.00 | 27200.81 | 36664.81 |

(ख) वर्ष 2005-06 में लोक निर्माण, जल संसाधन, पंचायत ग्रामीण विकास एवं वन में निम्नानुसार वास्तविक व्यय किया गया था :—

(आंकड़े लाख रुपयों में)

| स. क्र. | विभाग का नाम | व्यय | | योग |
|---|---|---|---|---|
| | | प्लान | नान-प्लान | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | लोक निर्माण | 54815.92 | 19015.13 | 73831.05 |
| 2. | जल संसाधन | 57685.99 | 6365.90 | 64051.89 |
| 3. | पंचायत, ग्रामीण विकास | 35145.19 | 27681.04 | 62826.23 |
| 4. | वन | 8099.89 | 25824.30 | 33924.19 |

राजनांदगांव में पुष्प वाटिका उद्यान योजना तथा सरोवर धरोहर योजना में व्यय राशि

2. (*क्र. 285) **श्री उदय मुदलियार :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) तारांकित प्रश्न क्रमांक 1974 दिनांक 09 मार्च, 2006 के उत्तर अनुसार 31 जनवरी, 2006 तक पुष्प वाटिका उद्यान योजना एवं सरोवर धरोहर योजना के अंतर्गत प्रदान की गई राशि क्रमशः रु. 40.64 लाख तथा 20.56 लाख किन-किन मदों में कितनी-कितनी खर्च की गयी ? (ख) क्या उक्त कार्य पूर्ण हो गये हैं ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) तारांकित प्रश्न क्रमांक 1974 दिनांक 09 मार्च 2006 के उत्तर में 31 जनवरी 2006 तक पुष्प वाटिका उद्यान योजना के एवं सरोवर धरोहर योजना के अंतर्गत प्रदान की गई राशि रु. 40.64 लाख तथा रु. 20.56 लाख के खर्च का विवरण निम्नानुसार है— (i) पुष्प वाटिका उद्यान योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि रु. 40.64 लाख में से कुल रु. 28.42 लाख व्यय हुआ है. जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. (ii) सरोवर धरोहर योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि रु. 20.56 लाख में से कुल रु. 16.95 लाख व्यय हुआ है. जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर दर्शित है. (ख) जी नहीं. कार्यों की स्थिति निम्नानुसार है—

1. रानी सागर तालाब के पश्चिमी तट पर उद्यान निर्माण के अंतर्गत प्राप्त आवंटन रुपये-12.00 लाख का कार्य पूर्ण किया जा चुका है. कार्य पूर्णता पर हैं.

2. स्टेडियम के पीछे उद्यान-निर्माण, स्थल-विवाद के कारण कार्य में विलंब हुआ है. वर्तमान में कार्य प्रगति पर है.

3. सरोवर धरोहर योजनांतर्गत बूढ़ा-सागर सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है.

विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध आर्थिक अपराध के दर्ज प्रकरण

3. (*क्र. 425) **श्री संजय ढीढी :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विभाग में उप संचालक के कितने पद हैं और कौन-कौन उप संचालक कहां-कहां पदस्थ हैं ? (ख) प्रश्नांक "क" में उल्लेखित किन-किन अधिकारियों के विरुद्ध आर्थिक अपराध के प्रकरण दर्ज है ? पदस्थापना सहित जानकारी देवें ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) विभाग में उप संचालक संवर्ग के 20 पद स्वीकृत है जिसके विरुद्ध 12 विभागीय अधिकारी पदस्थ हैं. पदस्थ विभागीय अधिकारियों की जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) प्रश्नांश "क" के उत्तर में परिशिष्ट-अ में उल्लेखित किसी भी अधिकारी के विरुद्ध आर्थिक अपराध के प्रकरण दर्ज नहीं है.

अभनपुर जनपद पंचायत एवं गोबरा नवापारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की जानकारी

4. (*क्र. 455) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय, यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले की अभनुपर जनपद पंचायत एवं गोबरा-नवापारा नगर पालिका क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के कितने-कितने पद स्वीकृत है, एवं उक्त दोनों पदों के लिए भर्ती के क्या-क्या नियम, मापदण्ड, योग्यता आदि निर्धारित है ? (ख) उपरोक्त दोनों संस्थाओं में अभी तक कितने पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही की गई है, तथा किन-किन कारणों से शेष पदों पर अभी तक नियुक्ति नहीं की जा सकी है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) रायपुर जिले की अभनपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत कार्यकर्ता एवं सहायिका के 204 एवं नगरपालिका गोबरा नवापारा के अंतर्गत 27 पद स्वीकृत है. नियुक्ति के संबंध में प्रचलित निर्देशों का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"अ" अनुसार है. (ख) एकीकृत बाल विकास परियोजना अभनपुर के अंतर्गत पूर्व से संचालित 136 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 135 कार्यकर्ता एवं 136 केन्द्रों में सहायिका के पद भरे हैं. जनपद पंचायत अभनपुर के अंतर्गत 69 कार्यकर्ता एवं 68 सहायिका तथा, नगरपालिका गोबरा नवापारा के अंतर्गत 27 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति की प्रक्रिया के संबंध में प्राप्त शिकायतों के संदर्भ में जांच प्रचलित होने के कारण लंबित है.

† परिशिष्ट "एक"

†† परिशिष्ट "दो"

जनभागीदारी द्वारा संचालित शालाओं से संबंधित जानकारी

5. ( *क्र. 395) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कितनी जनभागीदारी शालाएं संचालित है ? कृपया जिलेवार पृथक-पृथक बतावें ? (ख) वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में कितनी जनभागीदारी शालाओं को माध्यमिक से हाई स्कूल, हाई स्कूल से हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन कर शासनाधीन किया गया है ? (ग) सत्र 2006-07 में कितनी जनभागीदारी शालाओं ने संचालन हेतु मान्यता शुल्क के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किये हैं एवं कितनों ने मान्यता शुल्क का भुगतान किया है ? (घ) प्रश्नांश (ग) के संबंध में, शासन द्वारा कितनी शालाओं को मान्यता की अनुमति दिनांक 30-06-2007 तक दी गई है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क), (ख), (ग) एवं (घ) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत पाटन ब्लाक में संचालित स्कूलों की जानकारी

6. ( *क्र. 55) **श्री भूपेश बघेल :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के तहत जिला दुर्ग के पाटन ब्लाक में कितने स्कूल संचालित है ? नाम बतावें ? (ख) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में स्कूल भवनों के लिए कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? ग्रामों के अनुसार बतावें ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) 32 विद्यालय संचालित हैं. नाम † संलग्न प्रपत्र ''अ'' पर अंकित है. (ख) वर्ष 2005-06 में रुपये 95.45 लाख एवं वर्ष 2006-07 में रुपये 92.24 लाख की राशि स्वीकृत की गई. शेषांश की जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''ब'' पर अंकित है.

महासमुन्द जिले में संचालित जनभागीदारी स्कूलों की जानकारी

7. ( *क्र. 110) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुन्द जिला अन्तर्गत जनभागीदारी से कितने पूर्व माध्य. शाला/हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है ? विकासखण्डवार बतायें ? (ख) क्या यह सत्य है कि जनभागीदारी के पूर्व माध्य. शालाओं को शिक्षा गारण्टी योजना के तहत ले लिया गया है ? यदि हां, तो कितने ? नाम सहित विकासखण्डवार बतायें ? (ग) कितने जनभागीदारी हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी को वर्ष 2006 में शासकीय किया गया ? नाम सहित विकासखण्डवार बतायें ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) महासमुन्द जिले में जनभागीदारी अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक शाला ''निरंक'' है तथा 35 हाईस्कूल एवं 15 हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है. विकासखण्डवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) जी नहीं. शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) महासमुन्द जिले में किसी भी जनभागीदारी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल को शासकीय नहीं किया गया है. शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

बिलासपुर जिले में कार्यरत गैर शासकीय संस्थाएं

8. ( *क्र. 145) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कौन-कौन सी गैर शासकीय संस्थाएं कहां-कहां, क्या-क्या कार्य कर रही है ? (ख) उपरोक्त संस्थाओं को शासन द्वारा किस प्रकार की सहायता दी गई है ? (ग) क्या उक्त संस्थाओं का निरीक्षण शासन द्वारा किया जाता है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) प्रश्नांश ''क'' में संदर्भित संस्थाओं को महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित गतिविधियों एवं प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन के लिये विगत वर्षों में, अनुदान राशि स्वीकृत की गई है. (ग) संस्थाओं का निरीक्षण विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया जाता है.

---

† परिशिष्ट ''तीन'' †† परिशिष्ट ''चार'' ‡ परिशिष्ट ''पांच''

## रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन से संबंधित जानकारी

9. ( *क्र. 400) **मोहम्मद अकबर :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्रमांक 432) के उत्तर दिनांक 16 फरवरी, 2006 के अनुसार रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के 156 शासकीय प्राथमिक शालाओं के 49772 छात्रों के मध्यान्ह भोजन की जिम्मेदारी स्वयंसेवी संस्था पहल को माह दिसंबर 2005 में हुए अनुबंध के आधार पर दी गई है ? यदि हां, तो 30-06-2006 तक माहवार कितना चांवल एवं रुपया दिया जा चुका है तथा कितना दिया जाना शेष है ? (ख) क्या उक्त के संबंध में निम्न गुणवत्ता के लिए कोई नोटिस जारी किया गया है ? यदि हां, तो कब और क्या कार्यवाही की गई ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : (क) जी हां. नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा स्वयंसेवी संस्था "पहल" एन. जी. ओ. को दिसम्बर 05 में किए अनुबंध के आधार पर मध्यान्ह भोजन प्रारंभ करने की जिम्मेदारी दी गई है. अनुबंध के आधार पर नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा "पहल" एन. जी. ओ. को निम्नानुसार चांवल एवं राशि दी गई :—

| **माह** | **आवंटित चांवल** | **भुगतान की गई राशि** |
|---|---|---|
| मार्च 2006 | 288 क्विंटल | निरंक |
| अप्रैल 2006 | निरंक | निरंक |
| मई 2006 | 230 क्विंटल | 5,34,000.00 |
| जून 2006 | निरंक | 4,42,798.00 |

शेष देय राशि की जानकारी संस्था द्वारा देयक प्रस्तुत किए जाने के बाद एवं जांच के बाद ही मालूम हो पाएगी. (ख) जी हां. नगर निगम के अधिकारियों द्वारा दिनांक 20 जून 2006 को किये गये निरीक्षण के आधार पर मध्यान्ह भोजन में पायी गयी निम्न गुणवत्ता के लिए "पहल" संस्था को उस दिन के भुगतान में 50 प्रतिशत कटौती के आदेश नगर पालिक निगम रायपुर के पत्र क्रमांक 38/उपा./06 दिनांक 21-06-2006 द्वारा दिये गये, तथा निर्देशित किया गया कि भविष्य में भोजन की गुणवत्ता एवं पौष्टिकता के मानदंड का पालन सुनिश्चित करें अन्यथा नगर निगम अनुबंध निरस्त करने हेतु बाध्य होगा.

## देशी एवं विदेशी शराब दुकानों के स्थल परिवर्तन के संबंध में

10. ( *क्र. 237) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बेमेतरा आबकारी परिक्षेत्र में देशी और विदेशी शराब दुकानों/उप-दुकानों की संख्या कितनी है ? स्थानवार विवरण देवें ? (ख) क्या प्रश्नांश "क" के अंतर्गत आबकारी ठेका होने के उपरांत किसी शराब दुकान का स्थल परिवर्तन किया गया है ? यदि हां, तो कब, किसके आदेश से तथा किस नियम के तहत ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : (क) बेमेतरा आबकारी परिक्षेत्र में केवल 13 देशी एवं 4 विदेशी मदिरा दुकानें हैं, कोई उप दुकान नहीं है, दुकानों का स्थानवार विवरण निम्नानुसार है :—

| **स. क्र.** | **देशी शराब दुकान का स्थान** | **विदेशी मदिरा दुकान का स्थान** |
|---|---|---|
| 1. | बेमेतरा | बेमेतरा |
| 2. | पिकरी पारा | नवागढ़ |
| 3. | खंडसरा | संबलपुर |
| 4. | बेराखार | नांदघाट |
| 5. | दाढ़ी | - |
| 6. | छिरहा | - |
| 7. | नवागढ़ | - |
| 8. | गनिया | - |
| 9. | संबलपुर | - |
| 10. | मारो | - |
| 11. | नांदघाट | - |
| 12. | टेमरी | - |
| 13. | कठिया | - |

(ख) जी नहीं. अतएव प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

मुंगेली नगर पालिका परिषद् को विकास हेतु प्रदत्त राशि

11. ( *क्र. 364) **श्री चन्द्रभान बारमते :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर जिले के मुंगेली नगर पालिका परिषद् को शासन की विभिन्न योजनान्तर्गत एवं जन प्रतिनिधियों की विकास निधि से दिनांक 01-01-2004 से दिनांक 30-06-2006 तक किन-किन कार्यों के लिए कितनी-कितनी धनराशि, वर्षवार, मदवार, उपलब्ध कराई गई एवं कितनी-कितनी धनराशि किन-किन कार्यों पर व्यय की गई ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : बिलासपुर जिले की नगर पालिका मुंगेली को 01-01-2004 से 30-06-2006 तक विभिन्न योजना एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त अनुदान एवं प्राप्त अनुदान से कराये गये कार्यों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" अनुसार है.

वर्ष 2006-07 में नई शालाएं प्रारंभ किए जाने संबंधी

12. ( *क्र. 243) **श्रीमती रमशीला साहू :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सच है कि सर्व शिक्षा अभियान द्वारा प्रत्येक 3 कि. मी. की दूरी पर पूर्व माध्यमिक शाला एवं 1 कि. मी. दूरी में प्राथमिक शाला एवं 5 कि. मी. की दूरी पर हाई स्कूल प्रस्तावित है ? (ख) यदि हां, तो दुर्ग जिले में 2006-07 में कहां-कहां नये प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला, हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री स्कूल खोलने की योजना है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू) : (क) जी हां. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत केवल प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला प्रस्तावित है. (ख) प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर है हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने की अभी कोई योजना नहीं है.

विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये दिशा-निर्देश

13. ( *क्र. 427) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) एकीकृत बाल विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिये सुप्रीम कोर्ट के लिये नियुक्त सलाहकार ने, क्या शासन को कोई पत्र लिखा है, अगर हां, तो कब और इसकी मुख्य बातें क्या है ? (ख) कण्डिका "क" में वर्णित पत्र द्वारा क्या सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश दिनांक 7 अक्टूबर, 2004 के परिपालन के संबंध में भी पूछा गया है ? अगर हां, तो क्या इस आदेश का पालन राज्य में किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** ( सुश्री लता उसेंडी) : (क) माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त आयुक्त एवं विशेष आयुक्त द्वारा दिनांक 21-4-2006 को लिखे पत्र में मुख्यत: माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 7-10-2004 के माध्यम से प्रसारित निर्देशों, पोषण आहार की प्रदाय व्यवस्था तथा तत्संबंध में प्रकाशित समाचारों का उल्लेख किया गया है. (ख) जी हां. प्रदेश में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है.

धमधा विधान सभा क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या

14. ( *क्र. 178) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धमधा विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत एवं संचालित है ? (ख) भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या कितनी है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** ( सुश्री लता उसेंडी) : (क) धमधा विधान सभा क्षेत्र में 279 आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत एवं 201 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है. (ख) भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या 192 है.

विकलांगों के कल्याण हेतु योजनाओं का क्रियान्वयन

15. ( *क्र. 418) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नवम्बर 2000 से मार्च 2003 तक केन्द्र शासन से विकलांगों के कल्याण के लिए किन-किन योजनाओं में कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई और

कितनी-कितनी व्यय हुई ? (ख) विकलांगों के कल्याण की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए शासन ने वर्ष 2005-06 और 2006-07 में क्या उपाय किए ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''अ'' अनुसार है. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार है.

राज्य के विद्यालयों में कक्षा बारहवीं तक संस्कृत भाषा को अनिवार्य करने बाबत्

16. (*क्र. 391) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कक्षा बारहवीं तक संस्कृत भाषा को अनिवार्य करने संबंधी कार्यवाही प्रचलित है ? यदि हां, तो इसे मूर्त रूप कब तक दिया जायेगा ? (ख) वर्तमान में ऐच्छिक विषय के रूप में कितने विद्यालयों में संस्कृत विषय पढ़ाया जाता है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) जी नहीं. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ख) कुल 66 विद्यालयों में.

विकासखण्ड पाली तथा कटघोरा में विधायक विकास निधि से स्वीकृत कार्यों की स्थिति

17. (*क्र. 435) **श्री बोधराम कंवर :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधायक स्थानीय विकास निधि से वर्ष 2005-2006 में विकासखण्ड पाली व कटघोरा में स्वीकृत कौन-कौन से कार्य पूर्ण किए और कितने निर्माणाधीन है और कितने प्रारंभ नहीं किए गए हैं ? (ख) कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने का क्या कारण है कार्य कब तक प्रारंभ कर पूर्ण किए जायेंगे ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना (विधायक निधि) से वर्ष 2005-06 में जिला कोरबा के विकासखण्ड पाली में 36 कार्य एवं कटघोरा में 32 कार्य स्वीकृत किये गये, जिसमें 18 कार्य पूर्ण (पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ए'' कॉलम 12), 41 कार्य प्रगति पर (पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ए'' के कालम 13) तथा 9 कार्य प्रारंभ नहीं किये गये हैं (पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ए'' के कालम 13). कार्यवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. (ख) कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने का कार्यवार कारण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ए'' के कालम नं. 14 में दर्शाया गया है. इन कार्यों के प्रारंभ एवं पूर्ण किये जाने की कार्यवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ए'' के कालम नं. 15 एवं 16 में दर्शाई गई है.

विशेष पोषण आहार कार्यक्रम के संचालन संबंधी जानकारी

18. (*क्र. 295) **श्री संजीव शाह :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला राजनांदगांव अन्तर्गत ''विशेष पोषण आहार कार्यक्रम'' केन्द्र कहां-कहां संचालित है ? (ख) विशेष पोषण आहार कार्यक्रम में कितनी कैलोरीयुक्त कौन-कौन से खाद्य पदार्थ प्रदाय किये गये हैं ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) राजनांदगांव जिले के शहरी क्षेत्र राजनांदगांव में विशेष पोषण आहार कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित केन्द्रों की सूची †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) विशेष पोषण आहार कार्यक्रम में प्रति 80 ग्राम 300 कैलोरीयुक्त ब्रेड प्रदाय किया गया है.

खेरथा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुराज अभियान में शराब भट्टी हटाने हेतु प्राप्त आवेदन

19. (*क्र. 188) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) खेरथा विधान क्षेत्र में ग्राम सुराज अभियान के दरम्यान शराब भट्टी हटाने एवं शराब भट्टी बंद करने हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए ? (ख) क्या डौंडीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम देवरी बंगला (जिला दुर्ग) में शाला से लगी शराब भट्टी हटाने शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गयी है ?

---

† परिशिष्ट ''छ:''

†† परिशिष्ट ''सात''

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) केवल ग्राम देवरी बंगला में संचालित देशी मदिरा दुकान के स्थान परिवर्तन के संबंध में एक आवेदन प्राप्त हुआ है. (ख) जी हां, ग्राम देवरी बंगला में संचालित देशी मदिरा दुकान को हटाने की शिकायत प्राप्त हुई है, जिस पर कार्यवाही करते हुए अन्य आपत्ति रहित स्थल पर दुकान निर्माण का कार्य किया जा रहा है.

डोंगरगढ़ विकासखण्ड में राजीव गांधी शिक्षा मिशन में अनियमितता की जांच

20. ( *क्र. 458 ) **श्री देवव्रत सिंह :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखण्ड में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के अंतर्गत टी. एल. ई. योजना में अनियमितता के संबंध में शासन द्वारा जांच के आदेश दिये गये थे ? यदि हां, तो कब ? (ख) उक्त जांच में दोषियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) जी हां. वर्ष 2005 में. (ख) जांच में किसी को दोषी नहीं पाया गया. अत: कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

प्रदेश में जनभागीदारी से संचालित स्कूलों से संबंधित जानकारी

21. ( *क्र. 355 ) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में जनभागीदारी से संचालित कितने हाईस्कूल हैं तथा उनमें शिक्षक एवं छात्रों की संख्या कितनी-कितनी है ? जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) क्या शैक्षणिक सत्र 2006-07 में जनभागीदारी हाई स्कूल को शासन द्वारा बंद करने के आदेश दिए गए हैं ? (ग) क्या यह सही है कि दुर्ग जिले के विकासखण्ड साजा स्थित जनभागीदारी हाई स्कूल कोपेडबरी में इस वर्ष प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है ? यदि नहीं, तो दिनांक 30-06-2006 तक कितने छात्रों को प्रवेश दिया गया ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) प्रदेश में जनभागीदारी अंतर्गत 479 हाई स्कूल संचालित है. जिनमें 1478 शिक्षक तथा 35,989 छात्र हैं. जिलेवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) जी नहीं. (ग) जी नहीं. 31 छात्रों को प्रवेश दिया गया.

विकासखण्ड डभरा एवं मालखरौदा के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन

22. ( *क्र. 36 ) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड डभरा एवं मालखरौदा में 1 जनवरी, 2006 से 1 जुलाई 2006 तक कितने स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जा रहा है ? स्कूल का नाम, छात्रों की संख्या, वितरित किए गए चांवल व रुपये तथा संचालन किये जा रहे संस्था का नाम क्या-क्या है ? (ख) कंडिका (क) में किन-किन स्कूलों को चांवल व रुपये का वितरण प्राप्त नहीं हुआ ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

वर्ष 2005-2006 में केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत राशि की जानकारी

23. ( *क्र. 208 ) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) केन्द्र सरकार से वर्ष 2006 के लिए किस-किस विभाग के लिए कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है ? (ख) उक्त राशि में से राज्यांश कितना था तथा 31 मार्च, 2006 की स्थिति में कितनी राशि व्यय की गई ?

---

† परिशिष्ट "आठ"

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) विभागों से प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्र शासन से बजट के माध्यम से वर्ष 2006 में प्राप्त राशि निम्नानुसार है :—

| क्रमांक (1) | विभाग का नाम (2) | प्राप्त राशि ( लाख रु. में) (3) |
|---|---|---|
| 1. | राजस्व विभाग | 9464.50 |
| 2. | योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी | 410.55 |
| 3. | आवास एवं पर्यावरण | 539.20 |
| 4. | कृषि | 6109.72 |
| 5. | पशुपालन | 368.16 |
| 6. | मछली पालन | 181.00 |
| 7. | जल संसाधन | 230.58 |
| 8. | आयाकट | 283.39 |
| 9. | उच्च शिक्षा | 86.26 |
| 10. | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी | 3542.29 |
| 11. | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 7048.56 |
| 12. | ग्रामोद्योग | 27.62 |
| 13. | आदिमजाति अनुसूचित जाति | 15154.17 |
| 14. | महिला एवं बाल विकास | 10291.25 |
| 15. | समाज कल्याण | 2894.97 |
| 16. | स्कूल शिक्षा | 2824.72 |
| 17. | लोक निर्माण | 3421.00 |
| 18. | गृह (पुलिस) | 1569.80 |
| 19. | गृह (जेल) | 843.12 |
| 20. | वन | 613.59 |
| 21. | ऊर्जा | 300.00 |
| 22. | नगरीय प्रशासन एवं विकास | 745.00 |
| 23. | उद्योग एवं वाणिज्य | 994.15 |
| 24. | पंचायत एवं ग्रामीण विकास | 24176.63 |
| 25. | खाद्य, नागरिक आपूर्ति | 531.68 |

(ख) केन्द्र से प्राप्त राशि के विरुद्ध राज्यांश राशि तथा 31 मार्च, 2006 की स्थिति में व्यय राशि विभागवार निम्नानुसार है :—

(राशि लाख रु. में)

| क्रमांक (1) | विभाग का नाम (2) | केन्द्र से प्राप्त राशि (3) | राज्यांश (4) | व्यय (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्व विभाग | 9464.50 | 1397.00 | 4581.10 |
| 2. | योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी | 410.55 | 0.99 | 142.49 |
| 3. | आवास एवं पर्यावरण | 539.20 | 359.46 | 898.66 |
| 4. | कृषि | 6109.72 | 730.92 | 5796.08 |
| 5. | पशुपालन | 368.16 | 116.16 | 335.96 |
| 6. | मछली पालन | 181.00 | 85.73 | 255.22 |
| 7. | जल संसाधन | 230.58 | 27.64 | 84.30 |
| 8. | आयाकट | 283.39 | 283.39 | 566.77 |
| 9. | उच्च शिक्षा | 86.26 | 73.37 | 159.63 |
| 10. | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी | 3542.29 | 0 | 3298.70 |
| 11. | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 7048.56 | 766.89 | 5715.90 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 12. | ग्रामोद्योग | 27.62 | 11.15 | 38.77 |
| 13. | आदिमजाति अनुसूचित जाति | 15154.17 | 337.77 | 14038.33 |
| 14. | महिला एवं बाल विकास | 10291.25 | 3564.97 | 13388.65 |
| 15. | समाज कल्याण | 2884.97 | 1494.19 | 4173.90 |
| 16. | स्कूल शिक्षा | 2824.72 | 14577.38 | 17401.38 |
| 17. | लोक निर्माण | 3421.00 | 0 | 3050.92 |
| 18. | गृह (पुलिस) | 1569.80 | 821.53 | 2391.32 |
| 19. | गृह (जेल) | 843.12 | 0 | 0 |
| 20. | वन | 613.59 | 13.87 | 528.27 |
| 21. | ऊर्जा | 300.00 | 135.42 | 435.42 |
| 22. | नगरीय प्रशासन एवं विकास | 745.00 | 0 | 745.00 |
| 23. | उद्योग एवं वाणिज्य | 994.15 | 274.59 | 41.12 |
| 24. | पंचायत एवं ग्रामीण विकास | 24176.63 | 8338.64 | 26464.00 |
| 25. | खाद्य, नागरिक आपूर्ति | 531.68 | 7.25 | 528.93 |

## सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत अतिरिक्त कमरा/मिडिल स्कूल भवन की प्रदत्त स्वीकृति

24. ( *क्र. 286) **श्री उदय मुदलियार :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2003-04, 2004-05 और 2005-06 में राजीव गांधी शिक्षा मिशन, सर्व शिक्षा अभियान के तहत किन-किन स्कूलों में अतिरिक्त कमरा एवं मिडिल स्कूल भवन की स्वीकृति प्रदान की गयी ? (ख) क्या उक्त सभी कार्य पूर्ण हो गये ? (ग) अगर नहीं, तो कौन-कौन से कार्य अपूर्ण है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) **:** (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''अ'' पर है. (ख) जी नहीं. (ग) जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''ब'' पर है.

## दलिया वितरण से संबंधित जानकारी

25. ( *क्र. 426) **श्री संजीव ढीढी :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के अंतर्गत पोषण आहार कार्यक्रम के अंतर्गत कितने हितग्राही हैं ? विधान सभावार जानकारी दें ? महिला एवं बच्चों की संख्या पृथक-पृथक दी जावें ? (ख) पोषण आहार में प्रति व्यक्ति/बच्चे के लिए दलिया वितरण की प्रतिवेदित मात्रा क्या है ? अप्रैल 2006 से जून 2006 तक कितनी-कितनी मात्रा में दलिया का वितरण किया गया ? विधान सभावार जानकारी दें ? (ग) क्या दलिया वितरण एवं घटिया दलिया दिये जाने के संबंध में विभाग को शिकायत प्राप्त हुई है, अगर हां, तो कहां-कहां से और उस पर क्या कार्यवाही की गई ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी ) : (क) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र ''अ'' में है. (ख) गर्भवती/धात्री महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को 160 ग्राम तथा सामान्य बच्चों को 80 ग्राम प्रतिदिन के मान से पोषण आहार प्रदाय किया जाता है. प्रतिवेदित अवधि तक वितरित दलिए की विधान सभावार जानकारी †† संलग्न प्रपत्र ''ब'' में है. (ग) प्रश्नाधीन अवधि अप्रैल 2006 से जून 2006 तक की स्थिति में ग्राम सुराज अभियान के दौरान दलिया वितरण से संबंधित 5 शिकायतें प्राप्त हुई थी. प्राप्त शिकायतों एवं की गई कार्यवाही की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र ''स'' में है.

---------

† परिशिष्ट ''नौ''

†† परिशिष्ट ''दस''

# नियम 46 ( 2 ) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

## जिला दुर्ग के छावनी खुर्सीपार में हैण्डपम्पों के पेयजल की जांच

1. (क्र. 167) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या प्रदूषण के कारण दुर्ग जिले के छावनी खुर्सीपार के मुहल्लों में हैण्डपम्प से केमिकल युक्त पानी निकलने की जांच करायी गयी है ? यदि हां, तो रिपोर्ट में क्या पाया गया है ? (ख) क्या पेयजल स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है ? यदि नहीं, तो पेयजल हेतु क्या व्यवस्था की जा रही है ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जी हां. नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कराई गई जांच में, जांच प्रतिवेदन में केमिकल एवं बेक्टेरियांलाजिकल परीक्षण के अंतर्गत प्रदूषण पाया गया. (ख) जी नहीं. जल शुद्धिकरण संयंत्र से शंकर नगर स्थित संपवेल एवं ट्रैक्टर द्वारा परिवहन के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है.

## जिला दुर्ग के आंगनबाड़ी केन्द्रों के दलिया में मिलावट की प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही

2. (क्र. 189) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में सप्लाई होने वाले कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों के दलिया में भूसा मिले होने की शिकायत मिली तथा कितने प्रतिशत भूसा पाया गया ? (ख) निम्न स्तरीय दलिया सप्लाई करने वाले कम्पनियों एवं दोषी अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेण्डी ) : (क) दुर्ग जिले के 17 आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रदायित दलिया में भूसा मिलने के संदर्भ में समाचार पत्र व अन्य माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी. पुष्टि हेतु नमूना लिया जा कर जांच के लिए भारत सरकार की निर्धारित प्रयोगशाला में भेजा गया है. प्रयोगशाला का प्रतिवेदन अभी तक अपेक्षित है. (ख) प्रश्नांश (क) के उत्तर के प्रकाश में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

## सरस्वती योजना अंतर्गत प्रदाय सायकिल

3. (क्र. 341) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या सरस्वती योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की हाईस्कूल छात्राओं को मुफ्त में सायकल वितरण की योजना है ? यदि हां, तो पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में 1-7-2006 तक कितनी सायकल बांटी गयी ? (ख) इस योजना के लिए विधान सभा क्षेत्र पामगढ़ में कितने पात्र हितग्राहियों को चिन्हित किया गया है ? कितने को सायकल प्रदान कर दिया ? शेष को कब तक सायकल प्रदान करेंगे ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) जी हां. 474 सायकलें. (ख) 474 पात्र हितग्राहियों को चिन्हित किया गया तथा सभी 474 पात्र हितग्राहियों को सायकल प्रदान किया गया. शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

## प्रदेश में आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वीकृत पदों की जानकारी

4. (क्र. 356) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 1-4-2005 से 30-6-2006 तक की अवधि में कितने नए आंगनबाड़ी केन्द्र प्रारंभ करने तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं सहायिका के पद की स्वीकृति प्रदान की गई है ? जिलेवार संख्या देवें ? (ख) नए स्वीकृत आगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं सहायिका के कितने पदों में भर्ती की कार्यवाही 30-6-2006 तक पूर्ण कर ली गई है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी ) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में 9148 नये आंगनबाड़ी केन्द्र प्रारंभ करने तथा 9148 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं 9148 आंगनबाड़ी सहायिका के पद की स्वीकृति प्रदान की गई है. जिलेवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) 30-6-2006 तक नए स्वीकृत केन्द्रों में 1576 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं 1351 सहायिका की भर्ती की गई है.

---

† परिशिष्ट ''ग्यारह''

छ. ग. के विभिन्न जिलों में संचालित संस्कृत पाठशालाओं की स्थिति

5. (क्र. 392) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि छ. ग. के विभिन्न जिलों में छ. ग. मा. शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त संस्कृत पाठशालायें संचालित हैं ? यदि हां तो इन संस्कृत पाठशालाओं में अध्ययनरत एवं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अन्य विद्यालयों की तुलना में किन-किन कक्षाओं के समकक्ष मान्यता प्रदान की जाती है ? (ख) क्या शिक्षा कर्मियों की नियुक्ति में संस्कृत पाठशाला से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को नियुक्ति की पात्रता है ? (ग) क्या यह सही है कि संस्कृत पाठशालाओं को मान्यता माध्य. शिक्षा मण्डल देता है पर परीक्षा पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा ली जाती है ? यदि हां तो विश्वविद्यालय के कुल सचिव ने विभिन्न कक्षाओं की समकक्षता निर्धारित करने हेतु कोई प्रपत्र शिक्षा विभाग के अधिकारियों को लिखा है ? यदि हां, तो उसमें क्या कार्यवाही की गयी ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क), (ख) एवं (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

नगर निगम क्षेत्र में अवैध कॉम्पलेक्स निर्माण के संबंध में

6. (क्र. 428) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर नगर निगम क्षेत्र में वर्ष 2005-2006 में किन-किन अवैध कॉम्पलेक्स कालोनियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है ? (ख) अवैध कॉम्पलेक्स एवं कालोनियां जिन क्षेत्रों में विकसित हुई है, इन क्षेत्रों के प्रभारी जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) नगर निगम रायपुर द्वारा वर्ष 2005-2006 के दौरान 3 अवैध कॉम्पलेक्सों को पूर्णत: तथा 10 कॉम्पलेक्सों में अवैध रूप से किये गये अतिरिक्त निर्माण वाले भाग को हटाया गया है जिसका विस्तृत विवरण में रखे परिशिष्ट ''अ'' एवं ''ब'' पर है. कुल 37 कालोनियाँ जिन्हें अवैध रूप से विकसित किया जाना पाया गया, उनके विरुद्ध कार्यवाही कर नियमानुसार विकास शुल्क का निर्धारण कर छत्तीसगढ़ कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रेशन निर्बंधन एवं शर्तें नियम 1998 के नियम 15 (क) के प्रावधानों के तहत नियमितिकरण किया गया तथा अन्य 14 अवैध कॉलोनाईजर को छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ड के अंतर्गत नोटिस दिये गये जिसका विस्तृत विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-''स'' एवं ''द'' अनुसार है. (ख) किसी अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई. संबंधित प्रभारी अधिकारियों के द्वारा अवैध कॉम्पलेक्स निर्माण के खिलाफ नोटिस दिये जाकर अवैध निर्माण को हटाये जाने के कारण संबंधित 37 अवैध कालोनियां जो 31 दिसम्बर 2002 के पूर्व से विकसित होने के कारण कॉलोनाईजर नियम 1998 के तहत प्रभारी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं किये जाने का प्रावधान नहीं होने के कारण तथा वर्तमान में 14 अवैध कॉलोनाईजर को छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ड के अंतर्गत नोटिस दिया जाकर कार्यवाही प्रचलित होने के कारण कार्यवाही नहीं की गई.

राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों का निलंबन तथा उन पर की गई कार्यवाही

7. (क्र. 459) **श्री देवव्रत सिंह :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले के किन-किन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को 31 मार्च से 30 जून, 2006 के बीच निलंबित किया गया था ? निलंबित अधिकारियों को आरोप-पत्र कब जारी किये गये ? (ख) क्या जारी आरोप-पत्रों के जवाब संबंधितों से शासन को प्राप्त हो चुके ? यदि हां, तो कब यदि नहीं तो उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ? (ग) क्या उक्त निलंबित अधिकारी को शासन द्वारा बहाल किया गया है ? यदि हां, तो किस दिनांक को तथा वर्तमान में पदस्थापना स्थान कहां है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) श्री व्ही. के. ठाकुर, तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया को. दिनांक 9-6-2006 को जारी किया गया. (ख) जी हां. दिनांक 12-7-2006 को. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) जी नहीं. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

---------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्र. 285) के भाग (क) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**पुष्पवाटिका योजना-**

| क्र. | कार्य स्थल | योजना की अनुमानित लागत (लाख रुपये में) | प्राप्त अनुदान (लाख रुपये में) | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख रुपये में) | व्यय राशि (रुपये में) | वर्तमान में कार्य की स्थिति | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1. | स्टेडियम के पीछे उद्यान निर्माण | 35.80 | 28.64 | 1 बाउण्ड्रीवाल निर्माण | 12.00 | 484389.00 | 70% पूर्ण | |
| | | | | 2 टेराकोटा इंटरलाकिंग | 6.00 | 685654.00 | पूर्ण | |
| | | | | 3 प्रवेश द्वार, वाचमेन रूम एवं टिकट घर | 3.50 | - | - | |
| | | | | 4 विद्युतीकरण एवं आंतरिक प्रकाश व्यवस्था | 4.00 | - | - | |
| | | | | 5 गार्डन चेयर | 1.00 | - | - | |
| | | | | 6 फौव्वारा | 2.50 | 250000.00 | पूर्ण | |
| | | | | 7 वर्तमान टेंक में सौदर्यीकरण | 3.00 | - | - | |
| | | | | 8 झुले एवं खेल उपकरण | 3.80 | - | - | |
| | | | | योग | 35.80 | 14,20,043.00 | | |
| 2. | रानी सागर के पश्चिमी तट पर उद्यान (नौका विहार स्थल) | 15.00 | 12.00 | 1 बोटिंग पाइंट के पास विश्राम शेड निर्माण | 2.00 | 197000 | - | |
| | | | | 2 कृत्रिम सी बीच में आर. सी. सी. छतरी निर्माण. | 1.22 | 118000 | - | |
| | | | | 3 पैडल बोट | 1.00 | 108010 | - | |
| | | | | 4 कृत्रिम सी बीच एवं बोटिंग झील के मध्य आर. सी. सी. रेलिंग. | 3.20 | 319585 | - | |
| | | | | 5 फ्लोटिंग फाउण्टेन | 2.00 | 256100 | - | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 वेल्डेड मेशफेंसिंग मध्य बंड पर डिवाइडर | 0.74 | - | - | |
| | | | | 7 बच्चों के खेल उपकरण फिसलन पट्टी, स्विंग झुला आदि. | 2.00 | 190000 | - | |
| | | | | 8 जी. आई. पाईप रेलिंग | 2.84 | 233431 | - | |
| | | | | योग | 15.00 | 1422126.00 | | |

प्रपत्र "ब"

**सरोवर धरोहर योजना-**

| क्र. | कार्य स्थल | योजना की अनुमानित लागत (लाख रुपये में) | प्राप्त अनुदान (लाख रुपये में) | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख रुपये में) | व्यय राशि (रुपये में) | वर्तमान में कार्य की स्थिति | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1. | बूढ़ा सागर तालाब सौंदर्यीकरण | 25.71 | 20.56 | 1 टोवाल ड्रेनेज निर्माण | 22.302 | 1695197.00 | 75% पूर्ण | पानी के लगातार जमाव के कारण कार्य में विलंब हो रहा है. |
| | | | | 2 डिसिल्टिंग कार्य | 3.408 | - | - | नाली निर्माण पूर्ण होने के उपरांत ग्रीष्म ऋतु में डिसिल्टिंग कार्य कराया जावेगा. |
| | | | | योग | 25.71 | 1695197.00 | | |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 425) के भाग (क) की जानकारी ]

**उप संचालक संवर्ग के पदस्थ विभागीय अधिकारियों की जानकारी**

| क्रमांक (1) | पदनाम (2) | पद स्वीकृति का स्थान (3) | अधिकारी का नाम (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | उप-संचालक | संचालनालय, म. बा. वि. - रायपुर | श्री नंदलाल चौधरी |
| 2. | उप-संचालक | राज्य स्तरीय संसाधन केन्द्र-रायपुर | श्री आनंद किस्पोटटा |
| 3. | उप-संचालक | क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण केन्द्र-जगदलपुर | श्री राजेन्द्र नेताम |
| 4. | उप-संचालक | क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण केन्द्र-बिलासपुर | श्री रामजतन कुशवाहा |
| 5. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | जिला कार्यालय बिलासपुर | श्रीमती प्रेमलता श्रीवास्तव |
| 6. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | जिला कार्यालय रायगढ़ | श्रीमती के. एम. खलखो |
| 7. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | जिला कार्यालय रायपुर | श्री एस. के. चौबे |
| 8. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | जिला कार्यालय बस्तर | श्री राजेश सिंगी |
| 9. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | जिला कार्यालय जशपुर | श्रीमती प्रीति खोखर चख्यिार |
| 10. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | जिला कार्यालय महासमुन्द | श्री दिलदार सिंह मरावी |
| 11. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | जिला कार्यालय कोरबा | श्री एल. आर. कच्छप |
| 12. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | जिला कार्यालय दन्तेवाड़ा | श्रीमती नलिनी सोरी |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 55) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

## प्रपत्र "अ"

### सर्व शिक्षा अभियान के तहत् पाटन ब्लाक में संचालित शालाओं की सूची

वि. खं. पाटन

| क्र. (1) | शाला का नाम (2) |
|---|---|
| 1. | प्राथमिक शाला स्टोर पारा पुरैना |
| 2. | प्राथमिक शाला सिरसाभाठा |
| 3. | प्राथमिक शाला विश्व बैंक कालोनी भिलाई-3 |
| 4. | प्राथमिक शाला शीतलापारा केसरा |
| 5. | प्राथमिक शाला बाजार चौक सेलूद |
| 6. | प्राथमिक शाला शुक्लाडीह किंकिरमेंटा |
| 7. | प्राथमिक शाला सुदामापुरा धौराभाठा |
| 8. | माध्यमिक शाला कुगदा |
| 9. | माध्यमिक शाला चरोदा बस्ती |
| 10. | माध्यमिक शाला बोरवाय |
| 11. | माध्यमिक शाला गाड़ाडीह |
| 12. | माध्यमिक शाला डबरापारा भिलाई-3 |
| 13. | माध्यमिक शाला अखरा |
| 14. | माध्यमिक शाला नारधी |
| 15. | माध्यमिक शाला कनिष्ठ लोहरसी |
| 16. | माध्यमिक शाला आगेसरा |
| 17. | माध्यमिक शाला गब्दी |
| 18. | माध्यमिक शाला महूदा |
| 19. | माध्यमिक शाला ढौर |
| 20. | माध्यमिक शाला मानिकचौरी |
| 21. | माध्यमिक शाला सिपकोन्हा |
| 22. | माध्यमिक शाला बोरेन्दा |
| 23. | माध्यमिक शाला अचानकपुर |
| 24. | माध्यमिक शाला परसदा |
| 25. | माध्यमिक शाला भोथली |
| 26. | माध्यमिक शाला कानाकोट |
| 27. | माध्यमिक शाला कुम्हली |
| 28. | माध्यमिक शाला खम्हरिया |
| 29. | माध्यमिक शाला चुलगहन |
| 30. | माध्यमिक शाला अमेरी |
| 31. | माध्यमिक शाला मगरघटा |
| 32. | माध्यमिक शाला इंदिरा नगर पाटन |

## प्रपत्र "ब"

### सर्व शिक्षा अभियान के तहत् पाटन ब्लाक में स्वीकृत शाला भवनों की जानकारी

वि. खं. पाटन वर्ष 2005-06

| क्र. (1) | शाला का नाम (2) | प्रशा. स्वीकृति (लाख रु.) (3) |
|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक शाला स्टोर पारा पुरैना | 4.35 |
| 2. | प्राथमिक शाला सिरसाभाठा | 4.35 |
| 3. | प्राथमिक शाला जमराव | 4.35 |
| 4. | प्राथमिक शाला बाजार चौक सेलूद | 4.35 |
| 5. | प्राथमिक शाला केशरा | 4.35 |
| 6. | प्राथमिक शाला शुक्लाडीह | 4.35 |
| 7. | प्राथमिक शाला धौराभाठा | 4.35 |
| 8. | प्राथमिक शाला भरर | 4.35 |
| 9. | प्राथमिक शाला बोरिद | 4.35 |
| 10. | प्राथमिक शाला डिड़गा | 4.35 |
| 11. | प्राथमिक शाला रेंगाकठेरा | 4.35 |
| 12. | प्राथमिक शाला खर्रा | 4.35 |
| 13. | प्राथमिक शाला बोरेन्दा | 4.35 |
| 14. | प्राथमिक शाला औंधी | 4.35 |
| 15. | प्राथमिक शाला अरमरीखुर्द | 4.35 |
| 16. | प्राथमिक शाला डीडाभाठा | 4.35 |
| 17. | माध्यमिक शाला कुगदा | 5.17 |
| 18. | माध्यमिक शाला चरोदा बस्ती | 5.17 |
| 19. | माध्यमिक शाला आगेसरा | 5.17 |
| 20. | माध्यमिक शाला ढौर | 5.17 |
| 21. | माध्यमिक शाला मानिकचौरी | 5.17 |
| | कुल राशि | 95.45 |

## सर्व शिक्षा अभियान के तहत् पाटन ब्लाक में स्वीकृत शाला भवनों की जानकारी

वि. खं. पाटन वर्ष 2006-07

| क्र. (1) | शाला का नाम (2) | प्रशा. स्वीकृति (लाख रु.) (3) |
|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक शाला चरोदा | 4.35 |
| 2. | माध्यमिक शाला डबरा पारा | 5.17 |
| 3. | माध्यमिक शाला महूदा | 5.17 |
| 4. | माध्यमिक शाला गुजरा | 5.17 |
| 5. | माध्यमिक शाला भरर | 5.17 |
| 6. | माध्यमिक शाला किंकिरमेंटा | 5.17 |
| 7. | माध्यमिक शाला बिजली नगर | 5.17 |
| 8. | माध्यमिक शाला बोरेन्दा | 5.17 |
| 9. | माध्यमिक शाला अचानकपुर | 5.17 |
| 10. | माध्यमिक शाला परसदा | 5.17 |
| 11. | माध्यमिक शाला भोथली | 5.17 |
| 12. | माध्यमिक शाला कानाकोट | 5.17 |
| 13. | माध्यमिक शाला कुम्हली | 5.17 |
| 14. | माध्यमिक शाला खम्हरिया | 5.17 |
| 15. | माध्यमिक शाला चुलगहन | 5.17 |
| 16. | माध्यमिक शाला अमेरी | 5.17 |
| 17. | माध्यमिक शाला इन्दिरा नगर पाटन | 5.17 |
| 18. | माध्यमिक शाला मगरघटा | 5.17 |
| | कुल राशि | 92.24 |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 110) के भाग (क) की जानकारी ]

### कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द

पंचायत एवं जनभागीदारी द्वारा संचालित शालायें

| स. क्र. (1) | विकासखण्ड (2) | हायर सेकेण्डरी (3) | हाईस्कूल (4) | पू. मा. शा. (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महासमुन्द | 01 | 05 | - |
| 2. | बागबाहरा | 06 | 05 | - |
| 3. | पिथौरा | 04 | 14 | - |
| 4. | बसना | 02 | 06 | - |
| 5. | सराईपाली | 02 | 05 | - |
| | योग | 15 | 35 | निरंक |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्र. 145) के भाग (क) की जानकारी ]

### बिलासपुर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग से मान्यता प्राप्त गैर शासकीय संस्थाओं एवं उनके द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी

| क्र. (1) | संस्था का नाम व पता (2) | गतिविधियां (3) |
|---|---|---|
| 1. | लक्ष्मी महिला मण्डल, राजेन्द्र चौक, बिलासपुर | सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण एवं बालवाड़ी का संचालन |
| 2. | श्री रामायण मेला समिति शनिचरी पड़ाव बिलासपुर | सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण एवं बालवाड़ी का संचालन |
| 3. | ग्राम विकास मण्डली ऐंसोशियेशन ट्रस्ट बड़ा बाजार मुंगेली | सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण एवं बालवाड़ी का संचालन |
| 4. | आकांक्षा क्लासेस, गोड़पारा बिलासपुर | सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण का संचालन |
| 5. | छत्तीसगढ़ आदिवासी महिला उत्थान समिति तेलीपारा बिलासपुर | सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण का संचालन |
| 6. | सर्वांगीण महिला मण्डल जबड़पारा बिलासपुर | सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण का संचालन |
| 7. | स्वयंसेवी अशासकीय संस्था अभियान | झूलाघर का संचालन |
| 8. | वैदिक शिक्षण समिति सरण्डा बिलासपुर | निराश्रित बच्चों के लिए बालगृह का संचालन |
| 9. | ज्ञानपीठ शिक्षण समिति नेहरू नगर बिलासपुर | सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण एवं बालवाड़ी का संचालन |
| 10. | बिलासपुर सेवा भारती तिलक नगर बिलासपुर | बाल गृह एवं सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण का संचालन |
| 11. | दीप बाल सेवा एवं महिला कल्याण केन्द्र ग्राम मोतिनपुर पोस्ट जरहागांव तह. मुंगेली जिला बिलासपुर. | बालवाड़ी का संचालन |
| 12. | बाल कल्याण परिषद् द्वारा संचालित अशासकीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र पेण्ड्रारोड. | आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के मूलभूत एवं प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण का संचालन. |

## परिशिष्ट "छः"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 418) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

(क) नवंबर 2000 से मार्च 2003 अंत तक भारत सरकार से प्राप्त राशि व व्यय निम्नानुसार रहा :-

| क्र. (1) | योजना का नाम (2) | प्राप्त राशि (3) | व्यय राशि (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | जिला पुनर्वास केन्द्र केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना | 53,90,000 | 60,45,346 |
| 2. | नि:शक्तजनों का राष्ट्रीय पुनर्वास कार्यक्रम (N. P. R. P. D.) | 3,63,95,000 | 55,57,015 |
| 3. | विकलांग व्यक्तियों के लिए स्वैच्छिक कार्य को बढ़ावा देने की योजना. | 41,41,000 | 40,89,000 |
| 4. | सहायक यंत्र और उपकरणों के खरीद और फीटिंग के लिए व्यक्तियों को सहायता. | 1,00,32,548 | 88,73,174 |
| 5. | नि:शक्तजन जिला पुनर्वास केन्द्र केन्द्रीय अनुदान | 20,00,000 | 15,84,560 |

प्रपत्र "ब"

**(ख) विकलांगों के कल्याण हेतु वर्ष 2005-06 व वर्ष 2006-07 में निम्न उपाय किये :-**

1. दीनदयाल नि:शक्तजन पुनर्वास कार्यक्रम अंतर्गत नि:शक्तजनों के प्रमाणीकरण, मूल्यांकन हेतु शिविर आयोजित कर जून 2006 की स्थिति में 1,55,429 नि:शक्तजनों का मूल्यांकन कर 1,11,687 नि:शक्तजनों को प्रमाण-पत्र, 96,714 को परिचय पत्र व 96,638 को पास-बुक वितरित किये गये.

2. कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय हेतु मूल्यांकन व वितरण शिविर आयोजित किये.

3. नि:शक्तों के सामर्थ्य प्रदर्शन के तहत 3 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किये गये व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया.

4. नया आयाम नए कदम शीर्षक से पुस्तिका मुद्रित करवाकर समस्त कलेक्टर, समस्त जिला पंचायत अध्यक्ष, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, समस्त संयुक्त संचालक/उपसंचालक, समस्त शासकीय संस्थाएं, समस्त मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्थाओं को वितरित की.

5. आयुक्त नि:शक्तजन छत्तीसगढ़ के समन्वय से 20 व 21 सितंबर 2005 को निर्माण इकाईयों के अधिकारियों व समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित कर बाधारहित वातावरण के प्रति जागरूकता संबंधी कार्य किया.

6. राज्य उत्सव समारोह के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में नि:शक्त कल्याण से संबंधित योजनाओं का प्रदर्शन किया गया व प्रचार-प्रसार संबंधी फोल्डर तैयार कर वितरित किये.

7. विभिन्न जिलों में स्थानीय समस्या निवारण शिविरों एवं अन्य कार्यक्रमों में योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की.

## परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 08 (क्र. 295) के भाग (क) की जानकारी ]

**विशेष पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत वितरण केन्द्रों की सूची**

| क्रमांक (1) | मोहल्ले का नाम (2) | केन्द्र क्रमांक (3) | केन्द्र का नाम (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | दुर्गाचौक | 01 | दुर्गाचौक |
| 2. | कोरिनभाठा | 02 | कोरिनभाठा |
| 3. | बसंतपुर | 03 | बसंतपुर |
| | | 04 | बसंतपुर |
| | | 05 | बसंतपुर |
| | | 06 | बसंतपुर |
| | | 07 | बसंतपुर |
| | | 49 | बसंतपुर |
| | | 50 | बसंतपुर |
| 4. | नवागांव | 08 | नवागांव |
| 5. | इन्द्रानगर | 09 | इन्द्रानगर |
| 6. | चौखड़ियापारा | 10 | हाथीथान |
| 7. | मोहारा | 11 | मोहारा |
| 8. | नंदई | 12 | नंदई |
| | | 13 | नंदई |
| | | 52 | नंदई |
| 9. | पठानपारा | 14 | पठानपारा |
| 10. | लखोली | 15 | लखोली |
| | | 16 | लखोली |
| | | 45 | लखोली |
| | | 48 | लखोली |
| | | 41 | राहुलनगर |
| 11. | पावर हाउस | 17 | पावर हाउस |
| 12. | स्टेशनपारा | 19 | स्टेशनपारा |
| | | 21 | स्टेशनपारा |
| | | 22 | स्टेशनपारा |
| | | 23 | स्टेशनपारा |
| 13. | चिखली | 24 | चिखली |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 14. | शांतिनगर | 26 | शांतिनगर |
| | | 27 | शांतिनगर |
| | | 28 | शांतिनगर |
| 15. | गौरीनगर | 18 | गौरीनगर |
| 16. | मोतीपुर | 34 | मोतीपुर |
| | | 35 | मोतीपुर |
| | | 36 | मोतीपुर (बाईबाड़ा) |
| | | 37 | रामनगर |
| | | 38 | अम्बेडकरचौक |
| 17. | शंकरपुर | 29 | शंकरपुर |
| | | 30 | शंकरपुर |
| 18. | तुलसीपुर | 31 | लेबरकालोनी |
| | | 32 | जालीखाता |
| | | 33 | बक्तावरचाल |
| | | 40 | साधुचाल |
| 19. | ममतानगर | 39 | ममतानगर |
| 20. | मिलचाल | 42 | राममंदिर |
| 21. | भरकापारा | 54 | भरकापारा |
| | | 55 | भरकापारा |
| 22. | पेण्ड्री | 20 | पेण्ड्री |
| 23. | रेवाडीह | 25 | रेवाडीह |
| 24. | सिंधी कालोनी | 53 | सिंधी कालोनी |
| 25. | कन्हारपुरी | 47 | कन्हारपुरी |
| 26. | ढाबा | 51 | ढाबा |
| 27. | शिवनगर | 43 | शिवनगर |
| 28. | जमातपारा | 46 | जमातपारा |
| 29. | आशानगर | 44 | आशानगर |
| | योग | 55 | |

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्र. 355) के भाग (क) की जानकारी ]

**विषय :- प्रदेश में जनभागीदारी से संचालित स्कूलों से संबंधित जानकारी**

| क्र. (1) | जिला (2) | जनभागीदारी हाईस्कूल (3) | शिक्षक संख्या (4) | छात्र संख्या (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 70 | 197 | 4796 |
| 2. | महासमुन्द | 35 | 139 | 2470 |
| 3. | धमतरी | 31 | 92 | 2362 |
| 4. | दुर्ग | 39 | 81 | 2622 |
| 5. | बेमेतरा | 46 | 127 | 976 |
| 6. | राजनांदगांव | 57 | 150 | 4338 |
| 7. | कवर्धा | 41 | 119 | 3229 |
| 8. | बिलासपुर | 50 | 161 | 7629 |
| 9. | जांजगीर-चांपा | 39 | 145 | 3407 |
| 10. | कोरबा | Nil | Nil | Nil |
| 11. | रायगढ़ | 35 | 148 | 2255 |
| 12. | जशपुर | Nil | | |
| 13. | अंबिकापुर | 1 | 3 | 54 |
| 14. | रामानुजगंज | Nil | Nil | Nil |
| 15. | सूरजपुर | 6 | 23 | 497 |
| 16. | कोरिया (बैकुण्ठपुर) | Nil | Nil | Nil |
| 17. | बस्तर (जगदलपुर) | 5 | 16 | 443 |
| 18. | उत्तर बस्तर (कांकेर) | 24 | 77 | 911 |
| 19. | दक्षिण बस्तर (दंतेवाड़ा) | Nil | Nil | Nil |
| | **योग** | **479** | **1478** | **35989** |

## परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 24 (क्र. 286) के भाग (क) एवं (ग) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

### स्वीकृत कार्यों की सूची

| क्रमांक (1) | स्वीकृत वर्ष (2) | शाला का नाम (3) | कार्य का प्रकार (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2003-04 | निरंक | निरंक |
| 2. | 2004-05 | मा. शाला पारीखुर्द | अतिरिक्त कमरा |
| | | मा. शाला भोथीपार खुर्द नया | अतिरिक्त कमरा |
| | | मा. शाला बोरी | शाला भवन |
| | | मा. शाला ईरा | शाला भवन |
| | | मा. शाला भोथीपार खुर्द पुराना | शाला भवन |
| | | मा. शाला धर्मापुर | शाला भवन |
| 3. | 2005-06 | मा. शाला धीरी | शाला भवन |
| | | मा. शाला धनगांव | शाला भवन |
| | | मा. शाला रीवागहन | शाला भवन |
| | | प्रा. शाला गढुला | अतिरिक्त कमरा |
| | | प्रा. शाला पारीकला | अतिरिक्त कमरा |
| | | प्रा. शाला सोमनी | अतिरिक्त कमरा |

### प्रपत्र "ब"

### अपूर्ण कार्यों की सूची

| क्रमांक (1) | स्वीकृत वर्ष (2) | शाला का नाम (3) | कार्य का प्रकार (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2003-04 | निरंक | निरंक |
| 2. | 2004-05 | मा. शाला बोरी | शाला भवन |
| | | मा. शाला ईरा | शाला भवन |
| | | मा. शाला धर्मापुर | शाला भवन |
| 3. | 2005-06 | मा. शाला धीरी | शाला भवन |
| | | मा. शाला धनगांव | शाला भवन |
| | | मा. शाला रीवागहन | शाला भवन |
| | | प्रा. शाला गढुला | अतिरिक्त कमरा |
| | | प्रा. शाला सोमनी | अतिरिक्त कमरा |

## परिशिष्ट "दस"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 25 (क्र. 426) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

## प्रपत्र "अ"

### दर्ज औसत हितग्राही

| क्रमांक (1) | विधान सभा क्षेत्र का नाम (2) | दर्ज औसत महिला हितग्राही (3) | दर्ज औसत बच्चे हितग्राही (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | आरंग | 3664 | 13578 |
| 2. | मंदिरंहसौद | 2374 | 9411 |
| 3. | अभनपुर | 4473 | 17857 |
| 4. | बलौदाबाजार | 5262 | 18068 |
| 5. | पलारी | 4499 | 17765 |
| 6. | बिन्द्रानवागढ़ | 5772 | 24315 |
| 7. | धरसीवां | 5368 | 21189 |
| 8. | कसडोल | 8792 | 18778 |
| 9. | भाटापारा | 3214 | 10968 |
| 10. | राजिम | 5659 | 24921 |
| 11. | रायपुर ग्रामीण | 5937 | 25882 |
| 12. | भटगांव | 1768 | 7457 |
| 13. | रायपुर शहर | 702 | 3828 |
| | **महायोग** | **57484** | **214017** |

प्रपत्र "ब"

वितरित दलिए की मात्रा

| क्रमांक | विधान सभा क्षेत्र का नाम | आंगनबाड़ी केन्द्र की संख्या | प्रतिवेदन अवधि में वितरित दलिए की मात्रा (मी. टन में) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | महिला | बच्चे | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | अभनपुर | 165 | 45.0 | 61.2 | 106.2 |
| 2. | धरसीवां | 199 | 54.0 | 85.4 | 139.4 |
| 3. | आरंग | 155 | 34.0 | 65.7 | 99.7 |
| 4. | बलौदाबाजार | 199 | 57.5 | 104.3 | 161.8 |
| 5. | पलारी | 184 | 37.7 | 86.0 | 123.7 |
| 6. | बिन्द्रानवागढ़ | 318 | 44.8 | 120.5 | 165.3 |
| 7. | मंदिरहसौद | 108 | 20.0 | 47.4 | 67.3 |
| 8. | राजिम | 309 | 53.5 | 131.6 | 185.1 |
| 9. | कसडोल | 244 | 51.3 | 80.7 | 131.9 |
| 10. | भाटापारा | 110 | 21.9 | 39.4 | 61.3 |
| 11. | रायपुर ग्रामीण | 94 | 26.9 | 43.9 | 70.8 |
| 12. | भटगांव | 98 | 19.6 | 32.1 | 51.6 |
| | योग | **2183** | **466.1** | **898.0** | **1364.1** |

## प्रपत्र "स"

| क्र. (1) | परियोजना का नाम (2) | ग्राम का नाम (3) | शिकायतकर्ता (4) | शिकायत का विवरण (5) | शिकायत का निराकरण (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धरसीवां | सोंडरा | श्री कौशिक राम साहू | आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-1 में दलिया वितरण के संबंध में अनियमितता बाबत्. | शिकायतकर्ता को समक्ष में बुलाकर दलिया वितरण संबंधी जानकारी दी गई तथा स्थल पर ही इसका निराकरण किया गया. |
| 2. | मैनपुर | टेकनपारा | श्रीलालधर एवं खरमति पंच | ग्राम पंचायत सगीगुडा के टेकनपारा के बच्चों को खाद्यान्न वितरण करने बाबत्. | जांच की गई शिकायत निराधार |
| 3. | मैनपुर | उसरीजोर (भाटीपारा) | उप-सरपंच एवं ग्रामवासी | बच्चों को शिक्षा एवं दलिया वितरण के संबंध में. | जांच की गई शिकायत निराधार |
| 4. | मैनपुर | बरगांव (कुर्रूभाठा) | श्री बृजलाल पंच एवं ग्रामवासी | बच्चों को दलिया वितरण के संबंध में. | जांच की गई शिकायत निराधार |
| 5. | देवभोग | दरलीपारा | पंच एवं ग्रामवासी | आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा कीड़े एवं कंकड़ वाला दलिया देने बाबत्. | जांच लंबित है |